**Regarding Vijay Divas**

डॉ. निशिकांत दुबे **(गोड्डा)** : धन्यवाद सभापति महोदया, आज 16 दिसम्बर है और 16 दिसम्बर को आज के ही दिन बांग्लादेश स्वतंत्र हुआ था । भारतीय सेना में भारतीय सेना के नायकों ने और उस वक्त की लीडरशिप ने एक बहुत बड़ा काम किया था । 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को भारत ने बंदी बनाकर छोड़ा था और पाकिस्तान ने प्रजातंत्र की जो हत्या की थी, लोकतंत्र की हत्या की थी, हमने वहां लोकतंत्र स्थापित किया था । मैं आपके माध्यम से देश को यह बताना चाहता हूं कि इस आंदोलन में नजरूल इस्लाम, त्रिपुरा के राजा बर्मन फैमिली, कांग्रेस के पूर्व मुख्य मंत्री मुकुल संगमा, जो टीएमसी में हैं, उनके पिता जी और सबसे बड़ा योगदान बाबू जगजीवन राम जी का था, जो उस वक्त के रक्षा मंत्री थे । जय जवान, जय किसान का नारा वहीं सफल हुआ था ।

**<u>13.00 hrs</u>**

दलित, वंचित, शोषित समाज से आने वाले बाबू जगजीवन राम जी ने यह भूमिका निभाई थी। उनको इतिहास ने भुला दिया । ? (व्यवधान) इंदिरा जी के योगदान को कोई नकार नहीं रहा है, लेकिन बाबू जगजीवन राम जी के योगदान को जो आज तक समाज ने नकारा है, मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि उनके योगदान को भी समाज को बताया जाए ।? (व्यवधान)